संख्या–cm-136
13/04/2022

मुख्यमंत्री ने जैविक विधि से की जा रही सब्जी की खेती का किया मुआयना

पटना 13 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिला अंतर्गत बिहारशरीफ के सोहडीह में शेरे बिहार सोहडीह कृषक हित समूह द्वारा जैविक विधि से की जा रही सब्जी की खेती का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसान श्री राकेश कुमार से जैविक विधि से उत्पादित की जा रही सब्जी से हो रहे लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी ली।

बिहारशरीफ से पटना लौटने के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ नया बाईपास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र श्री राकेश राठी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी नालंदा एवं पुलिस अधीक्षक नालंदा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******